# साथियों को यादकर भावुक हुआ एनएलयू परिवार

जोधपुर, 12 मार्च (जलतेदीप)। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी परिवार आज गहरे भावुक वातावरण में अपने तीन विद्यार्थियों सुश्री आरुषि गुप्ता (तृतीय वर्ष), आरव मिर्धा (द्वितीय वर्ष) एवं वी हर्षित (प्रथम वर्ष) की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एकत्रित हुआ। यह तीनों छात्र 11 मार्च 2025 को प्रातः 5.25 बजे नागौर लाडनूं राष्ट्रीय



राजमार्ग-58 पर देह गांव के समीप, सुरपालिया पुलिस थाना क्षेत्र में हुई बस दुर्घटना में मौत की आगोश में समा गए थे। यह दुर्घटना उस समय हुई जब जोधपुर के कुछ छात्र पटियाला में आयोजित एक खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर विश्वविद्यालय वापस लौट रहे थे।

कार्यक्रम में डॉ गोवर्धन दत्त पुरी, कार्यकारी निदेशक एम्स जोधपुर, अरुण कुमार पुरोहित, आईएएस, पूर्व जिला कलेक्टर नागौर, डॉ. सुष्मना हर्ष (प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर तथा हनुमान विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. (डॉ.) हरप्रीत कौर ने तीनों दिवंगत विद्यार्थियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ये तीनों नगीने सदैव हमारी स्मृतियों और प्रेरणा में जीवित रहेंगे।

इस अवसर पर तीनों दिवंगत विद्यार्थियों की स्मृति में स्थापित स्मृति-चिह्नों का भी अनावरण किया गया। साथ ही तीनों विद्यार्थियों के सहपाठियों ने बास्केटबॉल मोमबत्तियाँ जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा अपने दिवंगत मित्रों के साथ बिताए गए पलों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

जोधपुर दैनिक नवज्योति

### एक साल पहले 11 मार्च को स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में भाग लेकर लौटते समय बस दुर्घटना में हुई मृत्यु

# NLU के छात्रों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**जोधपुर/ नवज्योति।** नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी परिवार गुरुवार को भावुक वातावरण में अपने तीन होनहार विद्यार्थी सुश्री आरुषि गुप्ता (तृतीय वर्ष), आरव मिधा (द्वितीय वर्ष) एवं वी. हर्षित (प्रथम वर्ष) – की प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने एकत्रित हुआ। यह तीनों छात्र 11 मार्च 2025 को सुबह 5.25 बजे नागौर–लाडनूं राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर डेह गांव के समीप, सुरपालिया पुलिस थाना क्षेत्र में हुए दुखद बस दुर्घटना में असमय काल कलवित हो गए थे। यह दुर्घटना उस समय हुई जब NLU जोधपुर के कुछ छात्र पटियाला में आयोजित एक खेल प्रतियोगिता (स्पोर्ट्स टूर्नामेंट) में भाग लेकर विश्वविद्यालय वापस लौट रहे थे। उस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के समय स्थानीय लोगों में हनुमान जो सड़क किनारे दुकान संचालित करते हैं ने सबसे पहले तत्काल सहायता की। इसके बाद आरपी सियाराम, थाना अधिकारी, सुरपालिया पुलिस स्टेशन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छात्रों को जेएलएन अस्पताल, नागौर पहुंचाया, जहां डॉ. महेश पंवार, प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर, जेएलएन अस्पताल नागौर ने तत्काल चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित की। इस दौरान डॉ. प्रवीण बिश्नोई (लोकेश बिश्नोई, NLU जोधपुर के पूर्व छात्र के पिता) ने भी घटनास्थल पर पहुंच सहायता प्रदान करते हुए



मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया। इस कठिन घड़ी में अरुण कुमार पुरोहित, आईएएस, तत्कालीन कलेक्टर नागौर एवं सुमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागौर ने प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहायता दी। वहीं सुश्री मिथु बोथरा नगर परिषद नागौर ने भी आवश्यक सहयोग उपलब्ध करवाया। स्मृति समारोह में विशेष रूप से उपस्थित डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी, कार्यकारी निदेशक, AIIMS जोधपुर, अरुण कुमार पुरोहित, आईएएस, पूर्व जिला कलक्टर नागौर, डॉ. सुष्मना हर्ष (प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर की प्रतिनिधि) तथा हनुमान का NLU जोधपुर परिवार ने आभार व्यक्त जो विश्वविद्यालय के आग्रह पर स्मृति समारोह में आए। इस दौरान कुलपति प्रो. (डॉ.) हरप्रीत कौर ने तीनों दिवंगत विद्यार्थियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, NLU जोधपुर परिवार के ये तीनों नगीने सदैव हमारी स्मृतियों और प्रेरणा में जीवित रहेंगे। उनका उज्ज्वल व्यक्तित्व और उनके सपने विश्वविद्यालय समुदाय के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। साथ ही उन्होंने आगामी सभी खेल आयोजनों "युवर्धा (स्पोर्ट्स प्रतियोगिता)" के लिए जारी की गई दिशानिर्देशों का भी उल्लेख किया तथा दिवंगत विद्यार्थियों की स्मृति में स्थापित आरुषि गुप्ता युवर्धा बास्केटबॉल ट्रॉफी, आरव मिधा युवर्धा फुटबॉल ट्रॉफी और वी. हर्षित युवर्धा क्रिकेट ट्रॉफी जैसे स्मरणीय ट्रॉफियों की भी चर्चा की।

डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी, कार्यकारी निदेशक, AIIMS जोधपुर ने उस घटना से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस त्रासदी ने हमें जीवन का महत्वपूर्ण संदेश दिया है कि हमें एक-दूसरे की सराहना करनी चाहिए और हर परिस्थिति में एक-दूसरे की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि यही इन तीनों युवा प्रतिभाओं के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं श्री अरुण कुमार पुरोहित, आईएएस, पूर्व जिला कलेक्टर, नागौर ने बताया कि किस प्रकार उन्हें NLU जोधपुर प्रशासन से घटना की सूचना प्राप्त हुई और प्रशासन ने तत्काल सक्रिय होकर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने भी तीनों दिवंगत विद्यार्थियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

आज के इस अवसर पर तीनों दिवंगत विद्यार्थियों की स्मृति में स्थापित स्मृति-चिह्नों का भी अनावरण किया गया। साथ ही तीनों विद्यार्थियों के सहपाठियों ने बास्केटबॉल कोर्ट में एकत्रित होकर मोमबत्तियाँ जलाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा अपने दिवंगत मित्रों के साथ बिताए गए भावनात्मक और स्मरणीय पलों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस दुखद घटना की प्रथम वार्षिक पुण्यतिथि पर NLU जोधपुर परिवार उन सभी व्यक्तियों, संस्थाओं और प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता है, जिन्होंने उस कठिन समय में विश्वविद्यालय परिवार के साथ खड़े रहकर मानवीय संवेदनाओं का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

आयोजित इस कार्यक्रम में स्वैच्छिक रूप से यातायात पुलिस के साथ काम करने के इच्छुक नागरिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर शरत कविराज की मौजूदगी में डीसीपी (मुख्यालय/यातायात) शहीन सी. व एडीसीपी (यातायात) शालिनी राज के नेतृत्व में कार्यशाला का दूसरे चरण हुआ। इसमें यातायात विभाग के सभी निरीक्षक और 20 ट्रैफिक मार्शल मौजूद रहे। पुलिस करने, आमजन से मधुर व शालीन व्यवहार रखने और नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में सड़क दुर्घटना के दौरान घायल व्यक्ति की तुरंत मदद करने वाले गुड सेमेरिटन के अधिकारों और दिशा-निर्देशों की जानकारी भी दी गई। मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना और बेसिक लाइफ सपोर्ट से जुड़ा प्रशिक्षण भी मार्शलों को दिया गया, ताकि दुर्घटना की स्थिति में वे तत्काल प्राथमिक सहायता उपलब्ध करा सकें।

# एनएलयू ने दिवंगत विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि दी



**जोधपुर|** नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जोधपुर में आरुषि गुप्ता (तृतीय वर्ष), आरव मिधा (द्वितीय वर्ष) और वी. हर्षित (प्रथम वर्ष) की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। तीनों विद्यार्थियों का 11 मार्च 2025 को नागौर-लाडनूं राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर देह गांव के पास बस दुर्घटना में निधन हो गया था, जब वे पटियाला से खेल प्रतियोगिता से लौट रहे थे।

दुर्घटना के समय हनुमान ने सबसे पहले सहायता दी। सुरपालिया थाना अधिकारी आर.पी. सियाराम ने छात्रों को जेएलएन अस्पताल नागौर पहुंचाया, जहां डॉ. महेश पंवार ने उपचार की व्यवस्था की। डॉ. प्रवीण विश्नोई, अरुण कुमार पुरोहित (आईएएस), सुमित कुमार और मिथु बोथरा ने भी सहयोग दिया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. (डॉ.) हरप्रीत कौर, डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी सहित अन्य उपस्थित रहे। विद्यार्थियों की स्मृति में स्मृति-चिह्नों का अनावरण कर मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।


देवस्थान
मण्डल
UB
राज.संवा

क्रमांक

की गई है

| निविदा |
|---|
| 108 |
| 109 |
| 111 |

इस संबंध
पर उपल

भ
IC

F.No.: 11(14)
Tende
वर्ष 2

भा.कृ.अ.प.
बढेड खेजड़ी (सांगरि
खेजड़ी (सांगरिया) अ
मई, 2026 की अवधि
जाती है। निविदा प्रपत्र,
यदि चाहें तो प्रपत्र संस्था
के सन्दर्भ में जानकारी/अ